# प्रादेशिक समाचार
# दिनांक–04.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि सरकार एक आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है। सरकार सुधार की गति में तेजी लाई है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले दस वर्षों में सुधार, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता तथा समेकित विकास के प्रति अपनी सतत वचनबद्धता का प्रदर्शन किया है। विकास, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा के इंजन के रूप में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग में एक नए विश्वास को जगाया है।

****************

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि आज देशभर में करीब दस लाख 40 हजार महिलाएं पंचायती राज संस्थाओं से जुड़ी हैं। उन्होंने आज नई दिल्ली में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी योजनाओं समेत कई पहल की हैं। उन्होंने महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं में कौशल विकास की आवश्यकता पर भी बल दिया।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास, समाज में सकारात्मक बदलाव के साथ–साथ आर्थिक विकास भी लाता है।

****************

विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन की कार्यवाही जारी है। प्रथम पाली में प्रश्नकाल के दौरान विधायक अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं पर सवाल पूछ रहे हैं। सरकार की ओर से प्रभारी मंत्रियों की ओर से सवालों के जवाब दिये जा रहे हैं। वहीं जदयू विधायक सरयू राय ने प्रदूषण का मामला उठाया। इसपर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने तीन सदस्यीय कमिटी से जांच कराने की घोषणा की।

****************

देवघर में इनर व्हील क्लब और फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के संयुक्त प्रयास से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान के तहत कार रैली का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार के सेवानिवृत सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि इस जागरूकता अभियान के माध्यम से महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और समय पर वैक्सीन लेने के महत्व के प्रति सचेत किया जा रहा है।

****************

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (JCECEB) ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए डिप्लोमा कोर्स में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 5 मार्च से शुरू होकर 30 अप्रैल 2025 तक चलेगा। प्रवेश परीक्षा 18 मई को राज्य के आठ जिलों में आयोजित होगी। इच्छुक अभ्यर्थी JCECEB की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

****************

लोहरदगा जिले में आर्मी भर्ती कार्यालय रांची द्वारा विधार्थियों को अग्नि वीर योजना के बारे बताया गया। और जानकारी दे रहे हैं

****************

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीता और बल्लेबाजी का फैसला किया। टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में कल लाहौर में न्यूजीलैंड का मुकाबला ग्रुप बी विजेता दक्षिण अफ्रीका से होगा। इन सेमीफाइनल के विजेता रविवार को फाइनल में भिड़ेंगे।

**********